## संक्षिप्त

### नकल करते हुए एक छात्र को पकड़ा

उदयपुर,(निसं)। गुरुवार को सुखाड़िया विश्वविद्यालय की फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने मंडफिया गवर्नमेंट कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष के इन ऑर्गेनिक केमिस्ट्री की परीक्षा में एक छात्र को नकल करते पकडा द्य छात्र के पास पासबुक के दो कागज पाए गए द्य फ्लाइंग टीम में डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉक्टर नरेंद्र मारवाडा, डॉ चंद्र रेखा शर्मा थे। यह जानकारी सुविवि में होने वाली परीक्षाओं के फ्लाइंग स्क्वायड कोऑर्डिनेटर प्रो. बीएल वर्मा ने दी।

### जिम्नास्टिक्स संघ प्रदेश उपाध्यक्ष बने हिम्मतसिंह चौहान

उदयपुर,(निसं)। राजस्थान जिम्नास्टिक्स संघ के चुनाव कोटा में सम्पन्न हुए। जिम्नास्टिक्स संघ के प्रदेश स्तरीय सेमीनार के दौरान हुए चुनाव में उदयपुर से जिला जिम्नास्टिक्स संघ के अध्यक्ष हिम्मतसिंह चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही उदयपुर जिला जिम्नास्टिक्स संघ के सचिव भरतसिंह को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान जिम्नास्टिक्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर चैनसिंह राठौड निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर हिम्मतसिंह चौहान ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बढावा देना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। उदयपुर और राजस्थान के खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच मुहैया हो इसके प्रयास किये जाएंगे।



### दुकान की दीवार तोड़कर शराब चोरी

उदयपुर,(निसं)। दुकान की दिवार तोड़ कर शराब चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित शराब ठेकेदार रेल्वे गेट के सामने सीमेंट फैक्ट्री निवासी हेमंत पुत्र कुन्दनलाल मेवाड़ा ने डबोक पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मेरी घणोली में शराब की दुकान हैं। 15 मई रात में सेल्समेंन दुकान बंद कर चला गया था। दूसरे दिन दुकान पर पहुंच कर देखा तो पिछे की दिवार में छेद था पड़ताल की तो दुकान से करीब 1 लाख 75 हजार रूपये की शराब गायब थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नकदी व सामान चोरी

उदयपुर,(निसं)। सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर नकदी व सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखंड़ हॉल शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र दक्षिण विस्तार निवासी नवनीत सिंह कन्दवाल पुत्र शिवराजसिंह के सूने मकान का 18 मई दोपहर में चोर ताला तोड़ कर 9 हजार रूपये नकदी व केमरा चुरा ले गए। नवनीत व उसकी पत्नी दिपशीखा दोनों नौकरी पर गए थे। सांय लौटे तो मकान ता ताला टूटा हुआ था एवं नकदी व सामान गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### दो बालश्रमिक मुक्त कराये

उदयपुर,(निसं)। शहर मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने कार्यवाही करते हुए दो बालश्रमिकों को मुक्त करवा नियोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान मानव तस्करी विरोधी यूनिट हेडकास्टेबल गणपतनाथ, कांस्टेबल सुभाषचन्द्र, महिला कांस्टेबल प्रियंका मय टीम ने मल्लातलाई चौराहा स्थित पण्डित कृष्णा रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान भण्डार तथा दुधिया गणेशजी सज्जनगढ़ रोड़ स्थित परमार ऑटों गैराज पर दबीश देकर वहा पर काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त करवा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर शेल्टर होम भिजवा कर नियोक्ता कालु पुत्र खेतराम, हिम्मत पुत्र सोहनलाल के खिलाफ अम्बामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

### उदयपुर में तीन संक्रमित मिले

उदयपुर,(निसं)। उदयपुर में दूसरे दिन गुरुवार को भी तीन कोरोना संक्रमित मिले है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ, दिनेश खराड़ी ने बताया कि गुरुवार को मिली 187 सेम्पल्स की जांच में तीन पॉजीटिव मिले है।

# वंचित परिवारों का चिरंजीवी योजना में शीघ्र पंजीयन कराएं : कलेक्टर

- कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक
- चिकित्सालयों के प्रभारी अधिकारियों को मरीजों के क्लेम समय पर बुक करने के निर्देश दिये

उदयपुर,(निसं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला परिषद् सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पंजीयन, राजकीय एवं निजी अस्पतालों द्वारा क्लेम बुकिंग, पॉलिसी रिन्यूअल आदि की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने चिरंजीवी योजना में वंचित व्यक्तियों का पंजीयन करने, योजना के फायदों को लेकर आमजन को जागरूक करने एवं जिन परिवारों की पालिसी एक्सपायर हो रही है, उन्हें रिन्यू करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने चिकित्सालयों के प्रभारी अधिकारियों को मरीजों के क्लेम समय पर बुक करने के निर्देश दिये।



उदयपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं कार्यों के संबंध में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में राजीव गांधी बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, कोरोना वैक्सीनेशन, प्रसव पूर्व जांच आदि की समीक्षा की। संस्थागत प्रसव को लेकर समीक्षा करते हुए डाटा एंट्री का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री निशुल्क दावा एवं जांच योजना की समीक्षा कर अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ देने को कहा।

जिला कलेक्टर ने नसबंदी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा इंजेक्टेबल आदि की समीक्षा की। इसके साथ ही सिलिकोसिस, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण, मौसमी बीमारियों, एचआईवी एवं कोरोना से सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कोरोना वैक्सीनेशन के कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से भी चर्चा कर निर्देशित किया। बैठक में जिला परिषद् सीईओ मनीष मंगल, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी सहित जिलेभर से आए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व व वर्तमान पार्षद भिड़े

उदयपुर,(निसं)। सड़क निर्माण कार्य के दौरान कहासुनी होने पर भाजपा के पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद आपस झगड़ पड़े। इसको लेकर पुलिस थाने में दोनों पक्षों ने परिवाद दिया है। वार्ड 67 में सड़क का डामरीकरण काम चल रहा था। इस दौरान भाजपा के वार्ड 67 पार्षद कुसुम पंवार एवं कार्यकर्ता वहां पर मौजूद थे। इस दौरान वहां से गुजर रहे पूर्व पार्षद प्रतापसिंह राठौड़ का वार्ड 67 के वर्तमान पार्षद कुसुम पंवार से किसी बात को लेकर कहासूनी हो गई। इस दौरान पूर्व पार्षद प्रतापसिंह राठौड़ ने वर्तमान पार्षद कुसुम पंवार व उसके पति पर मारपीट कर कपड़े फाड़ने का आरोपी लगाते हुए भुपालपुरा पुलिस थाने में परिवाद दिया है। इधर वर्तमान पार्षद कुसुम पंवार ने भी पूर्व पार्षद प्रतापसिंह राठौड़ के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पूर्व पार्षद प्रतापसिंह राठौड़ को गत नगर निगम चुनाव में पत्नी के वार्ड 67 से निर्दलिय चुनाव लड़ाने पर उन्हें भाजपा से निष्काषित कर दिया था।

# महापौर ने आवंटित नंदी शाला का निरीक्षण किया

उदयपुर,(का.स.)। नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टांक ने गुरुवार को गौशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भंवर सिंह देवडा के साथ आवंटित नंदी शाला का निरीक्षण किया। नगर निगम उपमहापौर एवं स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चोकडिया गांव में 25 हेक्टेयर लगभग 110 बीघा नंदी शाला के लिये भूमि का आवंटन किया है। नगर निगम द्वारा 500 नंदी के रहने खाने पीने की व्यवस्था को लेकर कार्य आरंभ किया जाना है। वर्तमान में आवंटित भूमि पर मार्किंग करवा कर पत्थर गडाई का काम प्रारंभ करवा दिया गया। जल्द ही आवंटित भूमि पर चार दिवारी का कार्य करवा कर 500 नंदी के लिए संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध करवाने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। नगर निगम गौशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भंवर सिंह देवडा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आवंटित नंदी शाला भूमि पर 500 नंदी के लिए के लिए लगभग 1000 स्क्वायर फीट का शेड बनवाया जाएगा। यहां पर पीने के पानी टैंक के साथ घास रखने की कुंडिया भी बनवाई जाएगी नगर निगम गौशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भंवर सिंह देवडा ने बताया कि शहर में घूमने वाले आवारा सांड को पकड़कर नंदी शाला में ले जाया जाएगा जिससे शहर की व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ नंदी शाला में उपलब्ध समस्त सुविधाओं का लाभ भी नंदी को मिल सकेगा।



उदयपुर में निगम महापौर जीएस टांक ने नंदी शाला के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण किया।

## महापौर व उपमहापौर ने जताई नाराजगी

उदयपुर,(निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन शहरों के संग अंतर्गत शहर वासियों को मिलने वाले पट्टों में हो रही देरी के चलते निगम महापौर गोविंद सिंह टांक ने नाराजगी व्यक्त की है।नगर निगम उप महापौर एवं स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत हर शहर वासियों को निश्चित समय में पट्टा मिले इसको लेकर योजना चलाई जा रही है। नगर निगम द्वारा भी शहर वासियों को आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करते हुए पट्टा वितरण किया जा रहा है, लेकिन कई शहर वासियों को 1 महीने से भी अधिक अंतराल होने के बावजूद पट्टा नहीं मिल रहा है। शहर वासियों द्वारा इसको लेकर महापौर एवं उप महापौर से शिकायत की गई। शिकायत में संज्ञान में आया कि कई आवेदन कर्ताओं को मात्र 10 से 15 दिन में ही पट्टे दिए जा रहे हैं जबकि कई आवेदकों को एक से दो महीने गुजरने के पश्चात भी अभी तक पत्ते नहीं मिले है। आवेदक द्वारा निगम में पूछने पर संतोष जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते महापौर गोविंद सिंह टांक के निर्देश पर गुरुवार को उपमहापौर पारस सिंघवी ने नगर निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ से मुलाकात कर पट्टे देने में की जा रही देरी पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी है। उपमहापौर सिंघवी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी कार्य करने का समय अंतराल निश्चित किया गया है, फिर भी सही समय पर कार्य नहीं होना लापरवाही की श्रेणी में आता है। चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार जो भी योजनाएं आमजन की सुविधा के लिये लागू की जाती है उन योजनाओं का लाभ सही समय पर हर शहरवासी को मिले ऐसी व्यवस्था करना नगर निगम का दायित्व है। यदि व्यवस्था उपलब्ध कराने में किसी भी कर्मचारी द्वारा देरी की जाती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

## अपहरण व नकदी लूट का मामला

उदयपुर,(निसं)। चाय की थड़ी वाले को धमका कर उसका अपहरण कर उससे नकदी लूट ले जाने वाले के खिलाफ सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेल सर्कल दीवानशाह कॉलोनी गली निवासी शराफत खां पुत्र दिलावर खां ने खांजीपीर बीड़ा निवासी बाबू उर्फ शेरू पुत्र हसन खां, सलमान उर्फ बबला पुत्र इस्माईल , पटेल सर्कल निव9ासी इमरान, धोली बावड़ी निवासी जुनेद, धोली बावड़ी निवासी चांद पुत्र अहमद अजमद पुत्र शराफत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

# मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को कटघरे में खड़ा किया कांग्रेस विधायक ने

जयपुर, (का.प्र.)। एक और तो राजस्थान के मुख्यमंत्री लगातार जीरो टॉलरेंस नीति और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की बात कर रहे हैं,लेकिन उनकी इस बात का उन्हीं की पार्टी कांग्रेस के विधायक लगातार खुलासा कर रहे हैं कि किस तरह से राजस्थान में खुलेआम पुलिस प्रशासन की ओर से भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

नया मामला प्रतापगढ़ जिले का है। जहां कांग्रेस विधायक रामलाल मीणा ने सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एक सीआई की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए की वसूली का मामला उजागर करते हुए कहा है कि सीआई ने साढ़े 3 क्विंटल डोडा चूरा मामले में लूट मचाई है। कांग्रेस विधायक रामलाल मीणा ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि अभी अभी सीआई ने डेढ़ करोड़ रुपए की वसूली की है।

दरअसल एक दिन पहले ही कांग्रेस के आदिवासी विधायक गणेश घोघरा ने एसडीएम को बंद करने के मामले के बाद उन पर हुई एफआईआर को लेकर नाराजगी जताते हुए इस्तीफा दिया था। इस मामले में प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा ने समर्थन किया था। अब खुद रामलाल मीणा ने अरनोद थाने के सीआई को इंगित करते हुए भ्रष्टाचार का मामला उठाया है और पुलिस अधीक्षक को ऐसे मामलों में कार्यवाही करने को लेकर चेताया है। कांग्रेस विधायक की ओर से सार्वजनिक रूप से इस तरह से यह मामला उठाए जाने के बाद मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति पर फिर सवाल उठ रहे हैं।

# खेल व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखता है: जिला कलेक्टर

उदयपुर,(निसं)। खेल व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। खेल व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखता है। ऊर्जावान व्यक्ति कॅरियर और जीवन में सफलता की सीढ़िया चढ़ता है।

यह बात उदयपुर के जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने गुरुवार को यहां जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन 'जीतो' के उदयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन अवसर पर कही। चावत एकेडमी में जैन समाज की खेल प्रतिभाओं के लिए आयोजित बेडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस और तैराकी की प्रतियोगिताओं के उद्घाटन से पहले बच्चों को संबोधित करते हुए कलेक्टर मीणा ने कहा कि वे स्वयं आज भी सुबह 6 से 7 बजे का समय खेल को देते हैं।

णमोकार मंत्र के साथ शुरू हुए उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए जीतो उदयपुर चैप्टर के चेयरमैन राजकुमार सुराणा ने कहा कि खेल टीम वर्क सिखाता है। विफलता से सीखने का अवसर भी खेलों से मिलता है। उन्होंने बताया कि यहां हो रहे खेलों में विजेता प्रतिभागी नोएडा में 27 से 29 मई तक होने वाले जीतो नेशनल गेम्स में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। जीतो उदयपुर चैप्टर के चीफ सेक्रेटरी कमल नाहटा ने कोरोना काल में जीतो द्वारा किए गए सेवाकार्यों की जानकारी दी। गजेन्द्र भंसाली, भूपाल सिंह चावत ने भी विचार रखे। इस अवसर पर सेक्रेटरी प्रतीक हिंगड़, मनीष कटारिया, दीपक हरकावत, सुशीम कुमार सिंघवी आदि मौजूद थे।



उदयपुर में जीतो उदयपुर चैप्टर के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया।

# पेयजल समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

उदयपुर,( निसं )। नाकोडा नगर विकास समिति के सदस्यों ने पेयजल की समस्या को जिला कलेक्टर कार्यालय में जन सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या प्रस्तुत की जिस पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने क्षेत्रवासियों को तत्काल राहत देने के निर्देश दिए।

मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी अधीक्षण अभियंता विपिन जैन, अधिशासी अभियंता अखिलेश शर्मा, सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय सहित अधिकारी नाकोडा नगर में पहुंचकर क्षेत्र का सर्वे किया तथा पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार प्रात: से ही पीने के पानी के टैंकर सरकारी स्तर पर शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संरक्षक नरपत सिंह शेखावत, गजानंद शर्मा, अंबालाल शर्मा, गुलाब सिंह सिसोदिया, महेश व्यास, भैरू सिंह, जगन्नाथ सिंह चुंडावत राठौड, हरीश जोशी, पंकज शर्मा, रघुवीर सिंह राठौड, केसर सिंह देवडा, दीपक टेलर, दिनेश कुमावत आदि मौजूद रहे।



उदयपुर के नाकोड़ा नगर विकास समिति ने पेयजल समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय में जन सुनवाई में उपस्थित होकर जानकारी दी।

## केन्द्रीय कारागृह व महिला जेल का निरीक्षण

उदयपुर,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने केन्द्रीय कारागृह एवं महिला जेल का साप्ताहिक औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और बंदियों से चर्चा कर फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंदियों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं महिला जेल में टीवी चालू करवाने के निर्देश दिए।


## कार्यालय पंचायत समिति भीण्डर, जिला उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:- पंसभी./ई-निविदा/2022-23/350 दिनांक:- 19.05.2022

### ई-निविदा सूचना संख्या:- 01/2022-23

पंचायत समिति भीण्डर की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न पेयजल (हेण्डपम्प/पनघट) स्थापना कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा कराने की दिनांक आदि के बारे में जानकारी sppprajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB Code - ZUD2223A0050
UBN- ZUD2223WSRC00089

( हरिसिंह सोनिगरा ) प्रधान पंचायत समिति भीण्डर
( जितेन्द्र सिंह झाला ) विकास अधिकारी पंचायत समिति भीण्डर

राजस्थान सरकार

## कार्यालय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भींडर जिला उदयपुर ( राज. )

( जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति ब्लाक भींडर )

Email-bcmo.bhinder@yahoo.com Phone: 02957250502

क्रमांक-ब्लॉक/NHM/2021-22/714 दिनांक: 19.05.2022

### खुली निविदा सूचना

इस खंड क्षेत्र के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं अन्य समय समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत किराए पर टैक्सी परमिट वाहन लेने की आवश्यकता होती है। जिस हेतु सर्वसाधारण को सूचित करते हुए निम्नलिखित खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। प्रथम चरण में 2 वाहन किराए पर लिए जाने है अन्य वाहन वर्ष के दौरान एवं कार्यक्रमानुसार समय समय पर किराए पर लिए जा सकेंगे। इच्छुक निविदादाता व्यक्ति/फर्म/एजेंसी/कंपनी अपने तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव सील बंद लिफाफे में अलग अलग इस कार्यालय में जमा करा सकते है -

| क्र. सं. | निविदा का विषय | वाहन का प्रकार | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किराए पर टैक्सी परमिट वाहन | मारूति सुजुकी इक्को (समकक्ष/ 5-7 सीटर) | 300000/- | 6000/- | 200/- | 20.05.22 प्रात: 11 बजे से | 26.05.22 सांय 4 बजे तक | 27.05.22 दोपहर 1.30 बजे |

अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में उपस्थित होकर निर्धारित अवधि के दौरान प्राप्त कर सकते है।

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
भींडर जिला उदयपुर ( राज. )

## कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )

क्रमांक: नविप्र/नियमन रिकार्ड/2022/1447 दिनांक: 19.5.2022

### आम-सूचना

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम/पिता का नाम | मृतक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 06 | 1500 | नैला खसरा संख्या 4327/2214, 4351/2214, 4352/2214 | श्री भगवान लाल डांगी पिता श्री डालुराम जी डांगी | श्री डालुराम जी डांगी पिता श्री हर जी डांगी का स्वर्गवास दिनांक 11.03.2022 को होने से |
| 2. | 07 | 1500 | | | |
| 3. | 08 | 1500 | | | |
| 4. | 09 | 1500 | | | |
| 5. | 14 | 980 | | | |
| 6. | 20 | 1800 | | | |
| 7. | 21 | 1800 | | | |
| 8. | 22 | 1800 | | | |
| 9. | 14 | 2014.25 | सवीनाखेडा खसरा संख्या 1787 | श्री भोलेश्वरनाथ सनाढय पिता श्री गोपाल लाल सनाढय | श्रीमती शान्ति सनाढय पत्नी श्री भोलेश्वरनाथ सनाढ्य का स्वर्गवास दिनांक 11.03.2022 को होने |
| 10. | 1-डी | 1200.00 | मनवाखेडा खसरा संख्या 1479 | श्री मुकेश पाल शारदा पिता श्री राजेन्द्रपाल शारदा | श्री राजेन्द्रपाल शारदा पिता श्री रामजी दास शारदा स्वर्गवासदिनांक30.01.2020 को होने से |
| 11. | 01 | 4414.25 | दैवाली गोर्वधन विलास खसरा संख्या 702 से 711, 1079/710 | श्री कालुलाल जैन पिता श्री शंकर लाल जैन | श्री राजकुमार गर्ग पिता श्री कल्याणमल जी जैन स्वर्गवास दिनांक 18.09.2006 को होने से |

अत: उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी कर दिया जावेगा।

सुरेश कुमार खटीक (R.A.S.)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर